## सार-समाचार

### श्रमदान सहित कई कार्यक्रम हुए

**रेवदर**, (निसं)। वंदे मातरम को 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर नगर परिषद सिरोही की ओर से बाइक रैली कार्यक्रम, श्रमदान कार्यक्रम व शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया किया गया। आयुक्त नगर परिषद सिरोही आशुतोष आचार्य ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग के आदेश अनुसार नगर परिषद सिरोही द्वारा वंदे मातरम को 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 के 15 नवम्बर 2025 को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें रैली कार्यक्रम,शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों के माध्यम से वंदे मातरम के प्रति समर्पित भाव के लिए आम जन को प्रेरित किया जाएगा। नगर परिषद सिरोही द्वारा अहिंसा सर्किल से शुरू करके शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए शहीद स्मारक तक बाइक रैली का आयोजन किया गया। तत्पश्चात श्रमदान कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक के पास सफाई कार्य किया गया। शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम, वंदे मातरम गायन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहायक प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार माली, कनिष्ठ अभियंता पंकज कंसारा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी चंद्रभान चौधरी, जिला परियोजना प्रबंधक ओम सिंह एवं हनुमान सहाय शर्मा ,कनिष्ठ लिपिक श्रवण कुमार ,जगदीश पटेल एवं समस्त कार्मिक नगर परिषद सिरोही उपस्थित रहे।

### आत्म रक्षा शिविर लगा

**धोरीमना**, (निसं)। शांतिदेवी उदयराज गांधी राजकीय महाविद्यालय धोरीमन्ना में मंगलवार को 24 दिवसीय रानी लक्ष्मी बाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय प्राचार्य की अध्यक्षता में शुरू हुआ। एसपी नरेंद्र सिंह मीणा के निर्देशानुसार कलिका पेट्रोलिग यूनिट बाडमेर से मास्टर ट्रेनर जीयो व हीरो ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया महिला कांस्टेबल ने बताया कि बालिकाओं को कानूनी जानकारी एवं खुद की सुरक्षा किस प्रकार से करें अलग-अलग प्रकार से ट्रिक बताई गये। हीरो महिला कांस्टेबल ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण का डेमो भी दिया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर जीयो ने कहां की बेटियों को आत्म निर्भर और आत्म विश्वासी बनने का प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में प्राचार्य डॉ कमल कांत पटेल ने बताया कि आत्म रक्षा सिर्फ शारीरिक तकनीक नहीं बल्कि आत्म बल आत्म सम्मान और साइबर जागरूकता का नाम हैं। कार्यक्रम नोडल अधिकारी प्रोफेसर चेनाराम ने बताया कि आज के दौर में घरेलू हिंसा छेडछाड सडक पर असुरक्षा और साइबर अपराध जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए आत्म रक्षा का प्रशिक्षण बेहद आवश्यक हैं। तथा बालिकाओं को सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की बात कही अजनबियों से निजी जानकारी साझा न करने और संधिक्त लिंक पर क्लिक न करने जैसे साइबर सुरक्षा टिप्स भी बताए। इस दौरान महाविद्यालय में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक घेवरचंद, गेस्ट फेकल्टी देवेन्द्र जांगीड, दुर्गेश खारी , होम गार्ड चिमन सिंह एवं महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही । अंत में महाविद्यालय होम गार्ड बाबूसिंह द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### विक्रमसिंह धानसा को सम्मान मिला

**भीनमाल**, (निसं)। संस्कार भारती जोधपुर प्रान्त की ओर से यूथ होस्टल जोधपुर में मारवाड युवा कला साधक संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर भीनमाल के निकटवर्ती धानसा गांव के विक्रमसिंह राठौड को उनके साहित्यिक योगदान के लिए मारवाड़ युवा कला साधक सम्मान से सम्मानित किया गया है। विक्रमसिंह धानसा वर्तमान में गैर सरकारी विद्यालयों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार के जिलाध्यक्ष भी है। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक, डॉ. हरिदास व्यास वरिष्ठ साहित्यकार जोधपुर एवं पंकज कुमार प्रांत प्रचार प्रमुख थे। वही द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि निम्बाराम क्षेत्रीय प्रचारक राजस्थान, लोक गायकी के सशक्त हस्ताक्षर पद्म अनवर खान व सुविख्यात वीणा वादक एवं लोक गायक महेशाराम तथा डॉ. जितेन्द्र जालोरी प्रांतीय अध्यक्ष संस्कार भारती उपस्थित थे। विक्रमसिंह धानसा को मारवाड युवा कला साधक सम्मान से सम्मानित होने पर शुभचिन्तकों ने बधाई व शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का संचालन युवा साहित्यकार भरत कोराणा ने किया। बधाई देने के क्रम में नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने भी बधाई संदेश प्रेषित कर शुभकामनाएं व्यक्त की है।

### जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**सायला**, (निसं)। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रदर्शन को बढावा देने और उद्यमिता को नई गति देने के उद्देश्य से सायला स्थित एक निजी होटल में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशन में हुआ। कार्यशाला में विभागीय टीम ने प्रतिभागियों को एमएसएमई नीति, निर्यात नीति, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार इन योजनाओं के माध्यम से छोटे और मध्यम उद्यमों को सशक्त करने के साथ ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता बढाने पर जोर दे रही है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और उद्यमियों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित अपनी जिज्ञासाएँ विभागीय टीम के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर समाधान किया गया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास से संबंधित उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई। कार्य म में संग्रामराम देवासी, एसबीआई अग्रणी बैंक मैनेजर रमेश कुमार, अंशुल (सीए) सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

### रेलवे के ओ.पी.डी.समय में परिवर्तन

**जोधपुर**, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेलवे अस्पताल के ओपीडी समय में सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए परिवर्तन किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. आर. बुनकर ने बताया कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों तथा मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी की स्वीकृति से यह संशोधन किया गया है। अब डिवीजनल रेलवे अस्पताल, जोधपुर तथा मंडल की सभी स्वास्थ्य इकाइयों (वर्कशॉप हेल्थ यूनिट को छोड़कर) में ओपीडी का समय सोमवार से शनिवार प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। पंजीकरण का समय सुबह 8.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा फार्मेसी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।अस्पताल की आपातकालीन सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे, तीन शिफ्टों में उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त स्थानीय खरीद दवा काउंटर सोमवार से शनिवार प्रातः 10 से 12 बजे तक एवं सायं 5.30 से 6.30 बजे तक संचालित रहेगा। यह संशोधित व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

### आशापुरी मंदिर के लिए शिलान्यास

**भीनमाल**, (निसं)। भीनमाल के सदर बाजार स्थित सोनाणा खेतलाजी मंदिर के पास में आशापुरी माताजी के नवीन मंदिर निर्माण के लिए मंगलवार को शिलान्यास मुहूर्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी के आचार्यत्व में समस्त गांधी मेहता परिवार संघ की ओर से मुख्य लाभार्थी मीकूबाई त्रिलोकचंद परिवार के शैलेष टी मेहता द्वारा आशापुरी माता मंदिर का शिलान्यास मुहूर्त किया गया। मीकूदेवी तिलोकचंद मेहता परिवार ने आशापुरी माताजी मंदिर बनाने का लाभ लिया है। शैलेश तिलोकचंद मेहता परिवार द्वारा नव निर्मित मंदिर का शिलान्यास भीनमाल जैन संघ प्रमुख कोलचंद मेहता के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर नरपतराज, मूलचंद, अशोक, कान्तिलाल, अशोक यू, तेजराज, रमेश, सुखराज, विलमचंद, अशोक सेठ, माणकमल भंडारी, राजेश भंडारी, पुखराज कानूगो, मुकेश बाफना, रमेशकुमार शास्त्री, सुरेश एम बोहरा, दिनेश दोसी, हीरालाल, शैलेश दोसी सहित कई जने उपस्थित रहे।

### लापता युवती मिली, आरोपी के आरोप

**जोधपुर**, (कासं) । जिला पश्चिम में रहने वाली एक युवती का संपर्क दो साल पहले सोशल मीडिया पर युवक से हुआ। युवक ने उसे झांसे में लेकर दुष्कर्म किया और वीडियो बना डाले। पीड़िता की कुछ दिन पहले गुमशुदगी दर्ज हुई थी। बाद में पुलिस ने उसे दस्तयाब कर परिजन को सुपुर्द कराया था। पीड़िता का अब आरोप है कि युवक उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की पहचान दो साल पहले सोशल मीडिया पर एक युवक से हुई थी। जिसके बाद वह उसे जयपुर लेकर गया और दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के परिजन की तरफ से कुछ दिनों पहले गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में आरोपी उसे छोडक़र चला गया। आरोप है कि युवक ने उसके वीडियो बना डाले जिसको वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाने के बाद अब जांच आरंभ की है।

# महिला सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दोहराया

**जालोर**, (कासं)। भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को जालोर में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सोजत विधायक शोभा चौहान, भाजपा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज्य पुरोहित, जिला महामंत्री गजेंद्र सिसोदिया, पूर्व जिला मंत्री पुखराज पुरोहित, और नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वे आत्मनिर्भर भारत के विजन को जन-जन तक पहुँचाना रहा। विधायक शोभा चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया है, उसमें महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं - चाहे कृषि हो, उद्योग हो या राजनीति। भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं जैसे उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, लाडली बहना योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढाओ। उन्होंने कहा कि अब समय है कि महिलाएं आत्मविश्वास के साथ स्वयं का उद्यम शुरू करें और दूसरों को भी रोजगार देने का कार्य करें।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के बिना आत्मनिर्भर भारत की कल्पना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, महिलाएं सिर्फ घर की नहीं, अब देश की आर्थिक रीढ हैं। मोदी सरकार ने हर वर्ग की महिला तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया कि वे समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी करें। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने कहा कि महिला मोर्चा हर गांव-ढाणी तक आत्मनिर्भर भारत का संदेश पहुंचा रहा है। हमारी बहनें छोटे उद्योग, सिलाई-कढाई, खाद्य प्रसंस्करण, और ऑनलाइन व्यवसाय के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम बन रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा आने वाले चुनावों में भी महिलाओं की भागीदारी को बढाने का काम करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढाई जा रही है। भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्र सिसोदिया ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान सिर्फ नारा नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान किया। पूर्व जिला मंत्री पुखराज पुरोहित ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है।

नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी ने कहा कि आज का यह सम्मेलन यह साबित करता है कि जालोर की महिलाएं अब सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि नेतृत्व करने वाली बन चुकी हैं।

कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने किया और अंत में राष्ट्रगान के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

इस दौरान जिला महामंत्री गायत्री गौड, जिला मंत्री अंजु भट्ट जिला मंत्री गीता बारोट मेथी देवी,अंजना भट्ट, द्रौपदी भंडारी,गीता बारठ, रामबाई, अलका भट्ट, रेखा मीणा,रेखा मीणा, मेथी देवी,तरुणा,सीता माली, गायत्री गौड़ जिला महामंत्री,सुशीला सेन सहित कई जने मौजूद रहे।

# गौशालाओं की समस्याओं का समाधान मांगा

**जालोर**, (कासं)। जिले की गौशालाओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर गौभक्तों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के . गावंडे को ज्ञापन सौंपा गया।

इससे पूर्व 3 नवम्बर 2025 को जयपुर में प्रदेश स्तरीय गोसेवा समिति की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि प्रदेशभर में संचालित गौशालाओं को सरकार द्वारा समय पर अनुदान सहायता राशि नहीं दी जा रही है। साथ ही कई गौशालाएं गोचर भूमि पर संचालित होने के कारण भूमि आवंटन के अभाव में अनुदान से वंचित हैं।

इन समस्याओं को लेकर आज मलकेश्वर मठ में एक बैङ्कक आयोजित की गई, जिसमें ज्ञापन तैयार कर जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सरकार शीघ्र ही गौशालाओं को अनुदान राशि उपलब्ध करवाए और मूनि आवंटन से संबंधित बाधाओं का समाधान करे। गौभक्तों ने यह ज्ञापन केबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, जिला कलेक्टर जालोर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को सौंपा। सभी ने गौभक्तों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

इस मौके पर राजस्थान गोसेवा समिति के अध्यक्ष बद्रीदान नरपुरा के नेतृत्व में उपाध्यक्ष छनगलाल सुथार (मेंगलवा), जिला सचिव दिनेश कुमार पुरोहित, भूतेल गौशाला अध्यक्ष केसाराम देवासी, जाजुशन गौशाला अध्यक्ष भलाराम देवासी, पुनासा गौशाला व्यवस्थापक खंगारदास संत, मेंगलवा गौशाला उपाध्यक्ष मंगलसिंह दहिया, तालियाना गौशाला अध्यक्ष बगाराम चौधरी, भुण्डवा गौशाला प्रबंधक अमराराम देवासी, सायला गौशाला प्रबंधक महावीरचन्द जैन, खोखा गौशाला अध्यक्ष दनाराम जाट, पुनावास गौशाला उपाध्यक्ष आवडदान चारण, देता से छगनलाल सुथार सहित अनेक गौभक्त एवं गौशाला संचालक उपस्थित रहे।

# धर्म परिवर्तन विरोधी कानून पर पुनर्विचार की मांग

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान सरकार की ओर से पारित राजस्थान विधि-विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2025 (अधिनियम संख्या 21) के खिलाफ जालोर में मंगलवार को नागरिकों, सामाजिक संगठनों और विधि विशेषज्ञों ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलैक्टर जालोर डॉ.प्रदीप के .गावंडे को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया कि यह कानून देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और इससे समाज में भेदभाव व असहिष्णुता को बढावा मिल सकता है। इसलिए अधिनियम की संवैधानिकता पर विचार करने के लिए इसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय को सिफारिश के रूप में भेजा जाए। वही जब तक यह कानून न्यायिक परीक्षण से न गुजर जाए, तब तक इसे स्थगित रख जाये, नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाये, किसी भी प्रकार की संपत्ति जब्ती, बुलडोजर ध्वस्तीकरण या गिरफ्तारी केवल न्यायिक आदेश व निगरानी में ही की जाये, स्वेच्छिक धर्मांतरण हेतु सूचना देने की अनिवार्यता समाप्त की जाए ताकि व्यक्ति की निजता और विवेक की स्वतंत्रता सुरक्षित रह सके।

इस अधिनियम के विरोध में उठी लोकतांत्रिक आवाजों को संवैधानिक संरक्षण दिया जाए। ज्ञापन में बताया कि यह अधिनियम न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है, बल्कि भारत के संविधान की आत्मा - धर्मनिरपेक्षता, स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों - के भी विपरीत है। इसलिए 29 अक्टूबर 2025 को जारी अधिसूचना को तत्काल निरस्त किया जाए और अधिनियम को सर्वोच्च न्यायालय में संवैधानिक समीक्षा के लिए भेजा जाये।

ज्ञापन देने सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट प्रवीण कुमार बौद्ध, मुमताज अली, फारुक अली, छगनलाल, सीएम छीपा सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रतियेगिता हुई

**जालोर**, (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के बौद्धिक एव सृजनात्मक कौशल विकास के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को रा बा उ मा वि प्रताप चौक जालोर में किया गया। ब्लॉक स्तर पर आयोजित निबंध, चित्रकला, एकल गायन, आशुभाषण और क्विज प्रतियोगिताओं में प्रथम व दिवतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक के रूप में पदमा नागर, संदीप जोशी , अनिल कुमार प्रजापत, किरन सिंह, शैलजा माथुर, प्रमोद वैष्णव, निशा कुट्टी, धीरेंद्र प्रजापत, राजेंद्र परमार, रेणु प्रजापत और पर्यवेक्षक के रूप में जगदीश चौहान उपस्थित रहे । स्कोरर की भूमिका ललिता वैष्णव और लता मुकेश ने अदा की। कार्यक्रम का संचालन नरपत आर्य ने किया। सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# ईआरओ व एईआरओ ने पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया

**जालोर**, (कासं)। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण करने का कार्य प्रारंभ किया गया है जो 4 दिसम्बर तक चलेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सोमवार सायंकाल सामतीपुरा ग्राम में पहुँच मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से किया जा रहे संपर्क एवं इनुमेरेशन फॉर्म वितरण व संग्रहण कार्य का अवलोकन किया तथा समुचित दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से तथा स्थानीय नागरिकों से एसआईआर को लेकर चर्चा की तथा एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं व उपस्थित जनों से एसआईआर को लेकर बीएलओ से जानकारी प्राप्त करने, परिगणना प्रपत्र भर व नवीन फोटो चस्पा कर जमा करवाने तथा बीएलओ का सहयोग करने एवं एसआईआर के दौरान अधिकतम भागीदारी निभाने की अपील की। इस दौरान जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी व निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

जिले के आहोर, जालोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण द्वारा संबंधित विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर एसआईआर गतिविधियों का अवलोकन कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए।

### सीटी स्कैन की अस्थाई अनुमति

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। राजकीय जिला चिकित्सालय में आगामी छह माह तक मरीजों की आउटसोर्स से सीटी स्कैन हो सकेगी। इसको लेकर प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत के प्रयासों से चिकित्सा शिक्षा निदेशक ने छह माह के लिए आउटसोर्सिंग से सीटी स्कैन की अस्थाई अनुमति जारी की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. हनुमानराम ने बताया कि राजकीय चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत को अवगत कराया गया था कि वर्तमान में जिला चिकित्सालय, बाड़मेर में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

# 13 साल पुराने स्मैक मामले आरोपी को पांच साल की सजा

**जोधपुर**, (कासं)। एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 13 साल पुराने मादक पदार्थ स्मैक तस्करी के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा पचास हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकार की ओर से पैरवी कर रहे विशिष्ट लोक अभियोजक गोविन्द जोशी ने बताया कि यह मामला वर्ष 2012 का है। 14 अक्टूबर 2012 को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के तत्कालीन थानाधिकारी अमित सिहाग ने प्रथम पुलिया के पास से आरोपी गांव सदरी, लोहावट निवासी प्रकाश पुत्र भूराराम विश्नोई को पकड़ा था।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 180 ग्राम स्मैक बरामद की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अनुसंधान पूरा करने के बाद न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष ने अदालत में बताया कि अवैध मादक पदार्थों का व्यापार समाज पर गंभीर प्रभाव डालता है और ऐसे अपराधों में कठोर दंड आवश्यक है। वहीं, बचाव पक्ष ने आरोपी के पक्ष में रियायत बरतने की अपील की। अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत 9 गवाहों, 27 दस्तावेजी साक्ष्यों तथा 3 बरामद आर्टिकल्स के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया।

न्यायालय ने आरोपी को 5 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास का प्रावधान रखा गया है।

# विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय शिविर लगा

**जालोर**, (का.सं.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा अन्तर्गत जालोर जिले के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 12 तक के विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं के लिए 10 व 11 नवम्बर को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक मनोहरलाल गोदारा एवं एपीसी ईश्वरसिंह के आतिथ्य में दो दिवसीय मेडिकल कम असेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 380 विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम अधिकारी मदनलाल गहलोत ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों की जांच कर ऑर्थोपेडिक 35, आंखों के 8, कान के 6 पात्र विद्यार्थियों को मेडिकल प्रमाण-पत्र जारी किए गये एवं एलिम्को टीम कानपुर द्वारा विभिन्न अंग उपकरण के लिए 39 विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया साथ ही रोडवेज विभाग द्वारा 17 विद्यार्थियों को बस पास जारी किये गये एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा पेंशन के 4 पात्र विद्यार्थियों को आवेदन करवाए गए। इस मौके पर अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश विश्नोई, नेत्र रोग चिकित्सक डॉ. रामेश्वर सुथार, ईएनटी चिकित्सक विजय चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार, हिंगलाजदान, देवेशसिंह दुआ, ब्लॉक आरपी चन्द्रशेखर, विकास अरोड़ा, श्याम सुन्दर, घनश्याम सैन, मुन्नीराम शर्मा, जितेन्द्र, लक्ष्मीनारायण, प्रवीण, पियुश, बनवारीलाल, राजेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# मालिक दुबई गया, छह कारीगर चांदी लेकर चंपत

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के घांचियों का बास, बाइजी तालाब के पास में चांदी के आभूषण बनाने वाली एक फैक्ट्री से छह कारीगर मिलकर 10.200 किलोग्राम चांदी लेकर चंपत हो गए। चांदी की बाजार अनुमानित कीमत 16 लाख 14 हजार है। घटना सोमवार सुबह की है। फैक्ट्री का मालिक सुबह ही दुबई किसी कामकाज से गया था। घटना के संबंध में सदर बाजार थाने में मैनेजर की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। आरोपियों ने जिस स्कूटी को काम में लिया वह सरदारसमंद रोड, भांडू के पास में लावारिश हालत में मिली है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी माणकराम ने बताया कि घांचियों का बास बाइजी तालाब के पास में राजहंस ज्वैलर्स एण्ड संस नाम से चांदी के आभूषण बनाने की फैक्ट्री है। इसका मालिक सोमवार की सुबह आठ बजे फ्लाइट से काम के सिलसिले में दुबई चला गया। यहां फैक्ट्री में 15-20 कारीगर काम करते है। जिन्हें सुबह चांदी दी जाती है और शाम को उनसे चांदी के तैयार आभूषण लिए जाते है।

सोमवार को मैनेजर अशोक कुमार ने कारीगरों को आभूषण बनाने के लिए चांदी दी थी। बाद में वह अपने काम में व्यस्त हो गया।

शाम को जब आभूषण बनाकर तैयार करने की बात आई तो पता लगा कि आगरा उत्तरप्रदेश का मुकुल सैन के साथ पांच अन्य कारीगर गायब है। इन लोगों का 10 किलो 200 ग्राम चांदी दी गई थी। मगर सभी गायब हो गए। इस चांदी की बाजार अनुमानित कीमत 16 .14 लाख है।

#### सीसीटीवी फुटेज में दिखे बैग के साथ

थानाधिकारी माणकराम ने बताया कि आरोपी एक स्कूटी पर बैग के साथ जाते दिखे है। यह स्कूटी बाद में लावारिश हालत में सरदार समंद रोड गोरा होटल के नजदीक भांडू के पास में मिली है। आरोपियों ने अपने फोन भी बंद कर दिए है।

अब तक जांच पड़ताल में सामने आया कि कारीगरों का मुखिया उत्तरप्रदेश के आगरा निवासी मुकुल सैन पुत्र राजेंद्र सैन है। वह ही कारीगरों को यहां काम पर रखता था।

#### कारीगरों का नहीं कराया था सत्यापन

यह भी पता लगा कि वहां काम करने वाले कारीगरों का सत्यापन भी पूर्ण रूप से नही कराया गया था। सदर बाजार थाने का कांस्टेबल सत्यापन के लिए गया भी था, मगर मैनेजर आदि ने बताया कि मुखिया मुकुल सैन के बारे में पूरी जानकारी रहती है । ऐसे में उनके द्वारा कोई सत्यापन नहीं करवाया गया।

### 'बच्चे सोशल मीडिया से दूर रहे'

**जोधपुर**,(का.सं.) । भारतीय राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति विरासत न्यास 'इंटैक' राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित "राज्य स्तरीय इंटैक हैरिटेज क्वीज प्रतियोगिता 2025" में जयपुर चैप्टर की कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल की कृतिका जिन्दल व केशव गर्ग राजस्थान चैप्टर के विजेता बने।

करौली चैप्टर के लोक हितकारी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के इशान्त चतुर्वेदी व पूर्वी चतुर्वेदी प्रथम रनर अप रहे व ब्यावर चैप्टर के बांग्ड़ पब्लिक स्कूल की तमन्ना सिंह व अन्वी अग्रवाल द्वितीय रनर अप रहे। राज्य स्तरीय इंटैक हैरिटेज क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन मेहरानगढ़ दुर्ग के चौकेलाव महल में आज दोपहर 12.00 बजे से किया गया। इस प्रतियोगिता में अजमेर, अलवर, भीलवाडा, ब्यावर, बालोतरा, जैसलमेर, जोधपुर, करौली, सिरोही, जयपुर व उदयपुर जिले के क्षेत्रीय विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जोधपुर विकास प्राधिकरण की उपायुक्त अदिति पुरोहित ने बच्चों से कहा कि जितना हो सके सोशल मीडिया से दूर रहे।

# सर प्रताप जयंती व चौपासनी विद्यालय का वार्षिक उत्सव 14 को

**जोधपुर**,(का.सं.) । चौपासनी विद्यालय के संस्थापक सर प्रताप की 180 वीं जयंती व विद्यालय का वार्षिक उत्सव शुक्रवार 14 नवंबर को सांय 4 बजे विद्यालय परिसर में समारोह पूर्वक आयोजित होगा।

चौपासनी शिक्षा समिति के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह झालामंड ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह एवीएसएम एसएम होंगे व समारोह की अध्यक्षता चौपासनी शिक्षा समिति के मुख्य संरक्षक महाराजा गज सिंह जी करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह चौपासनी विद्यालय,मयूर चौपासनी, महाराजा हनवन्त सैनिक स्कूल व श्री उम्मेद पूर्व प्राथमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा । उन्होंने बताया कि समारोह में स्वागत उद्बोधन चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल देंगे। प्रारम्भ में मुख्य अतिथि व समारोह अध्यक्ष द्वारा सर प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा । मुख्य अतिथि द्वारा सेरेमोनियल पैरेड का निरीक्षण किया जाएगा । समारोह में चौपासनी स्कूल व महाराजा हनुमंत सैनिक स्कूल के बालकों द्वारा लेजियम व डांस , ठाुप डांस ,मलखंब का बेहतरीन प्रदर्शन होगा, उम्मेद पूर्व प्राथमिक विद्यालय के बालकों द्वारा डंबल्स की प्रस्तुति होगी । मयूर चोपासनी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रस्तुति व राष्ट्रीय गान होगा । समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे

#### टैटू शो होगा विशेष आकर्षण का केंद्र

उन्होंने बताया कि समारोह में चौपासनी विद्यालय व महाराजा हनवन्त सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा चौपासनी विद्यालय के हेरिटेज भवनों पर खड़े होकर अंधेरे में हाथों में जलती हुई मसाले थामे टैटू शो का शानदार व आकर्षक प्रस्तुतीकरण होगा ।समारोह में चौपासनी शिक्षा समिति के पदाधिकारी सहित कई जने शरीक होंगे।

### मेडिकल कैंप लगा

**पाली**, (नि.सं.)। मंगलवार को मीटिंग का आयोजन करण सिंह चाली स्थित सभागार में डॉ रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में हुआ। करीब 50 वरिष्ठ जनों का बीपी, शुगर जांच किया गया और वरिष्ठ चिकित्सकों ने परामर्श दिया।

महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने बताया कि कैंप का शुभारंभ चिकित्सा विभाग के अति रिक्त निर्देशक डॉ आर के गर्ग ( सेवा निवृत) एवं बांगड़ चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा गर्ग( सेवा निवृत) ने किया।

संचालन डॉ हजारीमल चौधरी वरिष्ठ फिजिशियन (सेवानिवृत्त) मेडिकल कॉलेज पाली ने किया। इस मेडिकल कैंप में वरिष्ठ नागरिको के बीपी ,शुगर, अदि की जांच आरोग्य भारती जोधपुर प्रांत के अंतर्गत निःशुल्क रूप से सेवाएं प्रदान की गई।

# स्काउट व रोवर जांच शिविर संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय राज्य पुरस्कार स्काउट एवं रोवर जांच शिविर का आयोजन 8 से 11 नवंबर 2025 तक जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी, पाली में किया। शिविर का आज समापन हुआ।

सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि शिविर में 329 स्काउट और 28 रोवर सहभागिता कर रहे हैं।

राज्य पुरस्कार स्काउट एवं रोवर जॉच शिविर का राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल ने अवलोकन किया एवं संभागीयों से रूबरू हुए, इस मौके स्काउट एवं रोवर से स्काउटिंग स्किल एवं स्काउट गाइड संगठन की जानकारी और राज्य पुरस्कार परीक्षा के संदर्भ में वार्ता की, स्काउट द्वारा राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम के संदर्भ में तैयार की गई लॉगबुक ओर तैयारी से प्रशिक्षण आयुक्त प्रभावित हुए।

सी ओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि राज्य प्रशिक्षण आयुक्त ने स्काउट की तैयारी जांच शिविर में शिविरार्थियों के प्रदर्शन और प्रश्नोत्तरी से प्रभावित होकर सभी को राज्य पुरस्कार के लिए अठिाम शुभकामनाएं दी।

स्काउट को संबोधित करते हुए राज्य प्रशिक्षण आयुक्त ने कहा कि "समाज में विश्वसनीयता और अनुशासनशील होना ही स्काउट जीवन की प्रथम पहचान है,जिससे बालक बड़ा होकर समाज में एक सुनागरिक के रूप में तैयार होकर देश के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करता है।"

सी ओ गाइड डिंपल दवे, लीडर ट्रेनर स्काउट एवं राज्य पुरस्कार स्काउट जॉच शिविर के मुख्य परीक्षक अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

राज्य पुरस्कार स्काउट शिविर का संचालन मोहन सिंह राठौड़ एवं राज्य पुरस्कार रोवर शिविर का संचालन रोवर लीडर प्रभु प्रजापति एवं बतौर परीक्षक चंदन मल, चुन्नीलाल, कैलाश कुमार, प्रदीप कुमार शर्मा, दौलत सिंह, जयपाल सिंह, सुरेश कुमार मेवाड़ा, रामकरण प्रजापति, विशाल, घीसाराम, कर्माराम, जगदीश प्रसाद मीणा, कैलाश कुमार, विक्रम, हिमांशु, हितेश आदि द्वारा संचालन में सहयोग किया गया।

### युनिटी मार्च 13 को

**पाली**,(नि.सं.)। जिला कलेक्टर एल.एन.मंत्री के निर्देशन में सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर युनिटी मार्च कीं द्वितीय पदयात्रा का आयोजन 13 नवम्बर को उपखण्ड मुख्यालय बाली में होगी।

यात्रा के नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाली शैलेन्द्र सिंह एवं प्रभारी अधिकारी बाली उपखण्ड अधिकारी होंगे।